दिनांकः–08.10.2026 को सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में विद्युत वितरण कम्पनियो के स्तर से निराकरण होने वाले विभिन्न विद्युत दोषों के कारण बंद विभागीय जलापूर्ति योजनाओं को चालू करने एवं छूटे हुए टोलों के निर्माणाधीन योजनाओं (PRD सहित) के विद्युतीकरण हेतु विद्युत विभाग के पदाधिकारियों एवं विभागीय अधीक्षण अभियंताओं के साथ आयोजित बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति यथा संलग्न।

समीक्षा के क्रम में विभिन्न विद्युत दोषों के कारण कुल 81 योजनाएँ बंद होने की सूचना प्राप्त हुई। इसमें विभिन्न प्रमंडलों यथा पटना पूर्व में 5, पटना पश्चिम में 3, सासाराम में 6, शेखपुरा में 5, खगड़िया में 1, मधेपुरा में 7, मुजफ्फरपुर में 8, मोतीपुर में 28, सीवान में 17, और छपरा में 1 योजना शामिल है। उक्त बन्द योजनाओं की विस्तृत प्रतिवेदन MIS Portal पर प्राप्त कर समेकित प्रतिवेदन विद्युत वितरण कम्पनियों के संबंधित पदाधिकारियों को उपलब्ध कराते हुए उनके साथ संयुक्त सत्यापनोपरांत शीघ्र निराकरण कराने का निदेश दिया गया।

अधीक्षण अभियंता से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार छूटे हुए टोला अंतर्गत निर्माणाधीन योजनाओं (PRD सहित) में विद्युत उपभोक्ता संख्या रहित योजनाओं की संख्या 3878 है तथा 27065 योजनाओं में स्मार्ट मीटर का अधिष्ठापन नहीं हुआ है। निदेशित किया गया कि तत्संबंधी विस्तृत प्रतिवेदन प्राप्त कर दिनांक–09.10.2026 तक विद्युत वितरण कम्पनियों को उपलब्ध कराते हुए शीघ्र विद्युत उपभोक्ता संख्या का आवंटन एवं स्मार्ट मीटर का अधिष्ठापन कराया जाय।

- लघु विद्युत दोषों का स्थानीय स्तर पर वितरण कम्पनियों के संबंधित पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर अविलंब निराकरण कराने का निदेश दिया गया।
- विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु प्रमंडल स्तर पर विभागीय (सहायक यॉंत्रिक अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी सहित) एवं विद्युत वितरण कम्पनियों के संबंधित पदाधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर निराकरण कराने हेतु सीधा संवाद स्थापित करने का निदेश दिया गया।
- स्थानीय स्तर पर विभागीय अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंताओं एवं कार्यपालक अभियंताओं के साथ नियमित रूप से समन्वय स्थापित कर विद्युत दोषों के त्वरित निराकरण कराना सुनिश्चित करायेंगे।
- 15 दिनों के बाद पुनः बैठक की जाएगी। तब तक सभी संबंधित पदाधिकारी अपने–अपने क्षेत्र के विद्युत संबंधी दोषों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः– सभी सहायक अभियंता (यॉंत्रिक सहित)/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता /मुख्य अभियंता(यांत्रिक)।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

08/10

(बी॰ कार्तिकेय धनजी)
सचिव

ज्ञापांक–163 /स॰ को॰ /पटना, दिनांक 08/10/2026

प्रतिलिपिः–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड, पटना/प्रबंध निदेशक, (NBPDCL/SBPDCL)/मुख्य अभियंता, संचालन एवं संपोषन (NBPDCL/SBPDCL)/विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचालन एवं संपोषन (NBPDCL/SBPDCL), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

08/10

सचिव
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
बिहार, पटना।

Scanned with OKEN Scanner

ज्ञापांक–163 /स० को० /पटना, दिनांक 08/10/2026

प्रतिलिपिः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता (याँत्रिक सहित)/सभी कार्यपालक अभियंता (याँत्रिक सहित)/सभी सहायक अभियंता (याँत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

08/10

सचिव
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–163 /स० को० /पटना, दिनांक 08/10/2026

प्रतिलिपिः–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु०/का०प्र०)/मुख्य अभियंता (अनु०/द०बि०/याँत्रिक), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

08/10

सचिव
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
बिहार, पटना।

Scanned with OKEN Scanner